हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 मई 2025

04 ढाई किलो गांजा, टोयोटा कार और बाइक सहित...



07 शिक्षा विभाग की लापरवाही से ट्रांसफर नीति पर...






## खबर संक्षेप

### खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जारी

**विदिशा।** जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन 31 मई तक किया जाएगा। पुलिस और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण बालक और बालिका दोनो वर्गो के लिए जिला खेल परिसर स्टेडियम और पुलिस लाइन में हर रोज सुबह व शाम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्टेडियम में एथलेटिक्स कुश्ती फुटबॉल बास्केटबॉल करते कबड्डी हैंडबॉल बैडमिंटन, लॉन टेनिस वॉलीबॉल एवं पुलिस लाइन विदिशा में हॉकी ताइक्वांडो पेंटिंग ड्राइंग मेहंदी कराते स्केचिंग हैंडीक्राफ्ट जुंबा डांस वेटलिफ्टिंग स्पोकन इंग्लिश बैडमिंटन खेलों का शिविर आयोजित हो रहा है। जिसमें खिलाड़ी खेलों की बारीकियां सीख रहे हैं, एक माह के इस शिविर का शुभारंभ 1 मई को किया गया।

### एसपी रोहित काशवानी ने की इनाम की घोषणा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना गुलाबगंज में दर्ज दो प्रकरणों के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालों के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना गुलाबगंज में दर्ज अपराध के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वालों व फरार आरोपी वैशाली पुत्री बिहारी लाल चिढ़ार उम्र 17 साल निवासी ग्राम गुनुआ चक्क थाना गुलाबगंज की सूचना देने वालों को तीन-तीन हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

### ग्लोबल स्किल पार्क में प्रवेश हेतु वर्कशाप हुई

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में शुक्रवार को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में प्रवेश के लिए वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में जीएसपी से दीपक राय प्रवेश प्रभारी एवं आरके आस्टिन उपसंचालक द्वारा प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं जीएसपी में संचालित समस्त 9 पाठयक्रमों में प्रवेश फीस एवं होस्टल की जानकारी दी गई। साथ ही अवगत कराया गया कि प्रशिक्षण के बाद आकर्षक पैकेज पर नामी कंपनियों में प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध है। वर्कशाप में लगभग 250 विद्यार्थी मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**विदिशा।** महाराणा प्रताप की 485 वीं जन्मजयंती के अवसर पर दुर्गा नगर चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक मुकेश टंडन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। जन्म जयंती के अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाराणा प्रताप दृढ प्रण के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया।

### 8 करोड़ लागत की तीन ग्रामीण सड़कों का भूमिपूजन किया

# धर्म, संस्कार, सेवा और सदाचरण के बिना विकास अधूराः पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर

पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन विकास खंड में आज 8 करोड़ की लागत की तीन सड़कों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया। इनमें बीकोर कलां सिमरिया से गंभीरिया मार्ग, गोदू विजयपुरा मुख्य मार्ग से झौलसी इनायतपुरा मुख्य मार्ग तथा मंगुस से परसोन(डबूसा रामछांयरी) मार्ग शामिल हैं। कुल 6.5 किमी की इन सड़कों के बनने से बनने वाली कनेक्टिविटी से वर्तमान की तुलना में 4 से 12 किमी तक का रास्ता शार्टकट से तय करना संभव हो सकेगा।

पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने भूमिपूजन समारोहों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़कें विकास लाती हैं। अच्छी सड़कों के माध्यम से तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाएं, समृद्धि सभी आ जाता है। लेकिन मात्र सड़कों और भवनों का बनना विकास नहीं है। गांव में सदाचरण, धर्म, संस्कृति, स्वच्छता, वृक्षारोपण, जीवों के प्रति दया और सेवा की भावना, वृक्षारोपण जैसे विचारों का अभाव बना रहे तो उसे हम विकास की सफलता नहीं मान सकते। इन सब सद्गुणों का अनुकूल वातावरण बनाने के लिए तो गांव, कस्बों, नगरों में रहने वाले हम सब लोगों के लिए ही प्रयास करना होते हैं। पूर्वमंत्री ने कहा कि जिस मात्रा में आज वृक्ष कट रहे हैं उससे ज्यादा संख्या में हमें लगाने और संरक्षित करने के लिए उत्सुक रहना चाहिए। वृक्षों का कर्ज हम पर है और यह और ज्यादा वृक्ष लगाने, बचाने से ही उतर सकेगा।




पूर्वमंत्री सिंह ने कहा कि गलत लोगों को संरक्षण देना अंततः संरक्षण देने वालों को ही नुकसान देता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण पाकिस्तान है जो आज भुखमरी और अराजकता का शिकार है। पूर्वमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्र अटल बिहारी वाजपेई जी की महत्वपूर्ण पंक्तियों का संदर्भ देते हुए कहा कि श्रद्धेय वाजपेई जी ने बहुत पहले कहा था कि" चिंगारी का खेल बुरा होता है, औरों के घर में आग लगाने का सपना,अपने ही घर में सदा खरा होता है। पूर्वमंत्री सिंह ने बताया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर विकास से बदलती चली गई है और इसके परिणाम प्रत्यक्ष देखे जा सकते हैं। प्रदेश में यही एक विधानसभा क्षेत्र होगा जिसके लगभग एक तिहाई 100 गांवों को शहरों की तरह सुविधाएं उपलब्ध हैं क्योंकि इन्हें नगरों से जोड़ा गया है। क्षेत्र में 55 हजार पीएम आवास बने हैं जो एक रिकार्ड है। और यह सिलसिला तब तक नहीं रुकेगा जब तक क्षेत्र के हर गरीब परिवार को पक्की छत नहीं मिल जाती। उन्होंने बताया कि यहां आवास प्लस की सूची के लिए आए 800 आवेदनों का परीक्षण हो कर स्वीकृत किये जाने का कार्य चल रहा है।

उन्होंने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र की लाइफ लाइन बनने वाली बीना नदी परियोजना और उल्दन बांध का पानी दीपावली के समय तक किसानों के खेतों तक पहुंच जाएगा। इन बांधों से प्रधानमंत्री मोदी की सौगात हर घर नल से जल की योजना के माध्यम से घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि मढ़ियां व चकरपुर बांधों में इस वर्षाकाल में पानी भरा जाएगा। वह दिन दूर नहीं जब खुरई का हर खेत सिंचित होकर हरियाणा और पंजाब की तरह संपन्न हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मालथौन विकास खंड में एक भी कालेज नहीं था आज दो शासकीय महाविद्यालय मालथौन व बांदरी में हैं जिनमें 5 हजार छात्र छात्राएं पढ़ रहे हैं। इसके पहले इस क्षेत्र के बच्चों को अध्ययन के लिए बाहर जाना पड़ता था या पढ़ाई छोड़ देने की मजबूरी सामने होती थी। उन्होंने कहा कि बिजली और स्वास्थ्य कज क्षेत्र में जो सुधार हुआ है वह भी उल्लेखनीय है। रजवांस में 132 केवीए के विद्युत सब स्टेशन की स्थापना के काम में तेजी से प्रयास चल रहे हैं जिसकी सफलता जल्दी ही सामने आएगी।

पूर्वमंत्री, सिंह ने प्राथमिक शाला बीकोर कलां के बच्चों की मांग पर स्कूल में बोरिंग स्वीकृत कर हेंडपंप लगवाए जाने के लिए मंच पर पहुंच कर उनका स्वागत किया। हेंडपंप में मोटर लगवाए जाने के निर्देश बरोदिया कलां सीएमओ को दिए। उन्होंने यहां के हाईस्कूल की बाउंड्री वाल और पेवर ब्लाक लगाने के कार्य की स्वीकृति भी दी। उन्होंने श्री पद्मरा धाम हनुमान जी मंदिर में दर्शन किए और मंदिर की बाउंड्री वॉल,टीन शेड तथा सामुदायिक भवन के कार्यों की स्वीकृति दी। बड़ोइया मंदिर के परिक्रमा मार्ग बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने मालथौन एसडीएम मुनव्वर खान को निर्देश दिए कि ग्राम मंगूस के आम रास्तों व खेल मैदान का तीन दिवस में सीमांकन कर अतिक्रमण मुक्त कराएं। पूर्व मंत्री ने डबूसा भूमिपूजन समारोह के मंच पर संकल्प, श्रमदान, स्वधन व जनसहयोग से मंदिर निर्माण करने वाले शंकर लाल विश्वकर्मा मिस्त्री का शाल श्रीफल से अभिनंदन किया। ग्राम जनों ने बताया कि विश्वकर्मा ने मंदिर निर्माण के लिए अपना घर तक गिरवी रखा और खुद भी निर्माण कार्य में जुटे रहे।




### बारातियों से भरी बस पलटी, 12 बाराती घायल

**सागर।** सागर जिले के नरयावली थाना अंतर्गत शनिवार सुबह लगभग 8:30 बजे एक बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक बारातियों से भरी बस जेरई-सीहोरा मार्ग के बसिया भांसा -लौटना-लौटनी गांव के बीच अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर खेत में पलट गई। बस पलटने के बाद बस में सवार बरातियों में चीख पुकार मच गई, वहीं मौके से गुजर रहे लोगों ने सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को ही वही बस में सवार लोगों को बाहर निकाला। बारात बरेली रायसेन से ललितपुर वापस जा रही थी। बताया जा रहा है कि हादसे में एक दर्जन से अधिक बाराती घायल हुए हैं, जिन्हे एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया वहीं कुछ घायलों को सिहोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी ले जाया गया है।



### आबकारी विभाग की कार्रवाई, कच्ची शराब सहित 3000 किलो महुआ लहान किया जब्त

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे के मार्गदर्शन में एवं मंडल प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप सिंह खंडाते के नेतृत्व में वृत्त बंडा अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा ग्राम हीरापुर थाना शाहगढ़ में आकस्मिक दबिश दी जाकर 04 लीटर हाथभट्टी निर्मित कच्ची मदिरा व लगभग 3000 किलो ग्राम महुआ लहान बरामद कर सैंपल निकालकर शेष महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया जाकर आब. अधि. की धारा 34(1)(क)(च) के तहत 03 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किये गए, कुल जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 300800 है। उक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक रामाश्रय चतुर्वेदी, डी के सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आब. आरक्षक प्रमोद दुबे, सतीश, राजवीर, विकास एवं संध्या कुलस्ते उपस्थित रहे।




### नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में शनिवार के दिन तहसील स्थित प्रांगण में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गढ़ाकोटा तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष अंबर श्रीवास्तव व्यवहार न्यायाधीश गढ़ाकोटा एवं अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी सहित समस्त सम्मानीय अधिवक्तागण व न्यायिक कर्मचारीगण की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभांरभ किया गया। साथ ही दोनो न्यायालय में विचाराधीन फौजदारी, दीवानी चैक बाउंस पति-पत्नि से संबंधित नगर पालिका कर बसूली बैंको से संबंधित इत्यादि सहित राजीनामा योग्य मामलो में बढ़-चढ़कर राजीनामा किये गये। जिसमें पति-पत्नि से संबंधित कई मामलों में राजीनामा किया गया और उन्हे मीठा खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई तथा अन्य पक्षकारो के द्वारा प्रकरणो में राजीनामा किये जाने पर नेशनल लोक अदालत के उद्देश्य की पूर्ति के लिये लोगो को लाभ दिलाया गया। इस अवसर पर विद्वानद्वय व्यवहार न्यायालय गढ़ाकोटा के पीठासीन अधिकारी के अलावा अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के पदाधिकारीगण अध्यक्ष जमील कुरैशी, उपाध्यक्ष विनोद पटैल, सचिव डी.पी. लड़िया, कोषाध्यक्ष बहराम खान, सहसचिव खेमचंद कुर्मी पुस्तकालय अध्यक्ष राजाराम कोरी, कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप कुमार नेमा, मनीषा सोनी, हेमराज प्रजापति, रमन पाण्डेय, हरीश द्विवेदी, वतन सोनी, टीकाराम पटैल, काशीराम कुर्मी, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महेन्द्र कुर्मी के अलावा संघ के वरिष्ठ सदस्य जे.पी. चौदहा, मनोज तिवारी ने सहयोग प्रदान किया।

## कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने आपदा प्रबन्धन को दृष्टिगत रखते हुए एवं आपदा आ बेहतर ढंग से निपटने के लिए पुलिस अधीक्षक, पंचायत, नगर निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन शाखा, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, दूरसंचार सेवा समेत अन्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। आपदा प्रबन्धन के दृष्टिगत समस्त अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां, उपकरण उपलब्ध रहें। डॉक्टर मय स्टाफ उपस्थित रहे तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे। इसके साथ-साथ विभिन्न अस्पतालों व स्कूलों के मध्य टेम्प्रेररी रहने की व्यवस्था की जा सकती है। वहां जनरेटरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखे तथा देश के विरूद्ध भड़काउ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरंत कानूनी कार्यवाही करें, जिससे कि प्रदेश में माहौल खराब न हो। इस हेतु



भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।आपात स्थिति में जिलों में पर्याप्त खादय सामग्री, पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस इत्यादि उपलब्ध रहें। लोग खादय सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का अनावश्यक भण्डारण नहीं करें। लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि आपात स्थिति में पेयजल की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध रहे।

अति संवेदनशील स्थलों की सूची को अद्यतन करें। जिसमें अस्पताल, पावर प्लांट, तेल एवं गैस के डिपो, धार्मिक स्थल, भारत सरकार के संस्थान की जानकारी अद्यतन कर रखी जाए। ग्राम एवं पंचायत स्तर पर नागरिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी जावे जिससे लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना बनी रहे अग्निशमन सेवाओं को सक्रीय रखा जाए। इस हेतु उपकरणों की जांच इत्यादि कर ली जाए। संचार सेवाओं को सुचारू बनाया जाए। इस हेतु दूरसंचार कंपनियों के साथ समन्वय करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को पर्याप्त संख्या में चालू स्थिति में रखा जाए।

आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल एवं चेतावनी के परिप्रेक्ष्य में शहरों में सायरन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस हेतु स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आवश्यक समन्वय कर व्यवस्था सुनिश्चित करें। आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना और एन०सी०सी० और सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी सुनिश्चित की जावे ताकि राहत एवं बचाव कार्य में प्रभावी सहयोग मिल सकें। उद्योगों में उत्पादन सुचारू रूप से जारी रखा जाए। उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग सडकें, पुलों की देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करें। उर्जा विभाग विद्युत प्रदाय की निरंतर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें।





### धामोनी वाले बाबा के सालाना उर्स में रात भर चलता रहा कव्वालियों का शानदार मुकाबला

**सागर।** सर्वधर्म कौमी एकता के प्रतीक हजरत सैयद मोहम्मद इश्हाक बली शामी उर्फ बाबा बालजति शाह रह.अलैह धामौनी वाले बाबा के तीन दिवसीय सालाना उर्स के दूसरे दिन शनिवार को कव्वाली प्रोग्राम के उद्घाटन के साथ ही वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये मध्य प्रदेश शासन के जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुये तमाम रात कब्बालीयों का प्रोग्राम चलता रहा।कव्वाली कार्यक्रम की शुरुआत में क्षेत्रीय विधायक एवं उर्स कमेटी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार,दरगाह प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष काजी खान बहादुर एवं आमंत्रित अतिथिगणों के द्वारा फीता काटकर कव्वाली कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम उपरांत हिंदुस्तान के मशहूर फनकार नईम साबरी कब्बाल पार्टी और नुसरत खानम कब्बाला पार्टी के बीच तमाम रात कव्वाली एवं गजलों का शानदार मुकाबला चलता रहा।धामोनी वाले बाबा के सालाना उर्स के तीसरे दिन आज रविवार को भी तमाम रात हिंदुस्तान के मशहूर फनकार रईस अनीस साबरी कब्बाल पार्टी और मीना नाज कब्बाला पार्टी के बीच कव्वाली एवं गजलों का मुकाबला होगा। इस अवसर पर धामौनी दरगाह प्रबंध कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में बाबा के श्रद्धालु मौजूद थे।

### कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से जारी हुआ जुर्माना आदेश

# कार्यों का निराकरण समय-सीमा में नहीं करने पर पंचायत सचिवों पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. के आदेशानुसार, अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया गया।



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से जारी जुर्माना आदेश के अनुसार रजनी मिश्रा, सचिव, ग्राम पंचायत हुडा जनपद जैसीनगर, संतोष तिवारी, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत चकेरी जैसीनगर, श्रवण सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत हीरापुर जनपद जैसीनगर, टीकाराम अहिरवार, सचिव, कार्यालय ग्राम पंचायत बरखेराखुमान राहतगढ, शंकर सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत हनोतियाकलां राहतगढ, तुलसीराम ठाकुर, सचिव, ग्राम पंचायत आगासौद बीना, विपिन तिवारी, सचिव, ग्राम पंचायत बसाहारी खुरई, बालकिशन विश्वकर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत-बटठवाहा शाहगढ़, राजेंद्र सिंह यादव, सचिव, ग्राम पंचायत-झरई बंडा, खूबसिंह ठाकुर, सचिव, ग्राम पंचायत कोटिया बण्डा, रामदास यादव, सचिव, ग्राम पंचायत बेसली बंडा, आशीष चौबे, सचिव, ग्राम पंचायत कोटरा बण्डा, दिनेश रावत, सचिव, ग्राम पंचायत मगरधा बंडा, धनप्रसाद तिवारी, सचिव, ग्राम पंचायत जमुनिया बंडा, संजय यादव, सचिव, ग्राम पंचायत सौरई बण्डा, भूपेन्द्र सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत गडर, बंडा, शेरसिंह लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत बमूरा भेडा, बण्डा, हनुमत सिंह, सचिव, ग्राम पंचायत चीलपहाडी, बण्डा, परशराम घोष, सचिव, ग्राम पंचायत- जैतपुर कोपरा जिला देवरी, संतोष कुर्मी, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत सिमरिया हॉंखेडा जनपद देवरी, रामगोपाल परिहार, सचिव, ग्राम पंचायत मोहली रहली, रघुनाथ यादव, सचिव, ग्राम पंचायत ख्वारी, बंडा,श्रद्वा द्विवेदी, सचिव, ग्राम पंचायत लरेठी जनपद बंडा, कृष्णकुमार पटसारिया, सचिव, ग्राम पंचायत -खारमउ जनपद बंडा, अरविंद साहू, सचिव, ग्राम पंचायत मंजला जनपद बंडा, कालू विश्वकर्मा, सचिव, ग्राम पंचायत-मझगुवा बंडा, श्री संजय कुमार समुन्द्रे मुख्य नगरपालिका अधिकारी मालथौन, श्री प्रभुशंकर खरे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी - नगरपरिषद बरोदिया कलॉ तहसील मालथौन जिला सागर, यशवंत सिंह राजपूत, सचिव, ग्राम पंचायत - कार्यालय ग्राम पंचायत केसली जनपद केसली, उमाशंकर दुबे, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत घाना जनपद केसली, राजेन्द्र सिंह लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत - कार्यालय ग्राम पंचायत देवरी नाहमउ जनपद केसली, रूकमगिरी गोस्वामी, सचिव, ग्राम पंचायत -कार्यालय ग्राम पंचायत नाह्लमउ जनपद केसली, गोपाल सिंह सेगर, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत नांदिया जनपद केसली, गोकल सिंह लोधी, सचिव, ग्राम पंचायत-ग्राम पंचायत पलोह जनपद केसली, रामप्रकाश यादव, सचिव, ग्राम पंचायत जनपद केसली, निरंजन खरे, सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत खटोला जनपद केसली, राजेन्द्र सिंह ठाकुर ग्राम पंचायत पटौआ बण्डा को कार्यों का निराकरण समय सीमा में नहीं करने पर जुर्माना लगाया गया। ०प्र० लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत द्वितीय अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपने अधिकार का उपयोग करते हुए, आर्थिक सांख्यिकी विभाग के प्रकरण को समय सीमा के अंदर निराकरण न करने, साथ ही इस हेतु पूर्व में भी पंचायत सचिवों को निर्देशित करने के उपरांत भी प्रकरण का निराकरण समय सीमा में नहीं किया गया हैं। साथ ही कारण बताओ नोटिस का भी ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा समाधान कारक जवाब नहीं दिया गया।

### कलेक्टर का आदेशः सोशल मीडिया माध्यमों पर भ्रामक खबरें प्रसारित न करें

**सागर।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गयी कार्यवाही से उद्भुत परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों पर भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं/पोस्ट/वीडियो/रील्स अपलोड/फारवर्ड किये जा रहे हैं। ऐसी अपुष्ट खबरों के प्रसारण से आमजन में आक्रोश एवं तनाव पैदा होने तथा कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की संभावना बनी हुई है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी आर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत लोक हित में तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति / संस्थाएं सोशल मीडिया (फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर आदि) पर ऐसी कोई भी भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं / पोस्ट/वीडियो/रील्स को अपलोड एवं फारवर्ड/ वायरल नहीं करेगा/ करेगी। यदि जांच के दौरान कोई भी व्यक्ति ऐसी पोस्ट अपलोड/फारवर्ड करने में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एंव अन्य सुसंगत अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकेगी। यह आदेश सागर जिले में रह रहे प्रत्येक नागरिक को व्यक्तिशः तामील कराया जाना संभव नहीं है। अतः सार्वजनिक माध्यमों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, समाचार पत्रों के माध्यम से यह आदेश सर्व साधारण को अवगत कराया जा रहा है। आयुक्त नगर निगम, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आदेशित किया है कि यह उक्त आदेश का प्रचार प्रसार विभागीय संसाधनों से कराना सुनिश्चित करें। उक्त आदेश आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 एवं आयुध अधिनियम 1959 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब के घाटों पर की गई सफाई

**रायसेन।** प्रदेश के साथ ही जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बारिश के अधिक से अधिक पानी को संग्रहित करने हेतु जल संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को भी जल का महत्व बताते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायसेन में नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में विधायक प्रतिनिधि, पार्षदगण, सीएमओ सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा दशहरा मैदान के समीप स्थित पूरन तालाब के घाटों की सफाई की गई। साथ ही तालाब के किनारों पर जमा मिट्टी और गाद भी निकली गई।

### जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 14 मई को

**रायसेन।** जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में 14 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अनमोल 2.0 की वर्तमान स्थिति, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, दस्तक, एनआरसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, एनसीडी स्क्रीनिंग, निरोगी काया अभियान, परिवार कल्याण सेवाएं, कायाकल्प अभियान, मातृ मृत्यु प्रकरण, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

### श्री शिव समाराधन महायज्ञ 13 से आयोजन की तैयारियां जोरों पर

**बाड़ी।** ब्रह्मलीन अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की कृपा से 13 मई को ग्राम मनकापुर में धर्म यज्ञ के आयोजन की बड़े स्तर पर तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. श्याम सुंदर पाराशर वृंदावन के मुखारविंद श्रीमद् भागवत कथा होगी। सात दिवसीय श्रीशिव समाराधन महायज्ञ में आहुति के लिए नगर एवं क्षेत्र व्याकुलता से इंतजार कर रहा है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु धर्म यज्ञ के लिए समितियां का गठन एवं नियंत्रण प्रभार की जिम्मेदारियां लोगों को दी गई कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है। ग्राम मनकापुर आगामी 13 तारीख से धर्म कुंभ जैसा माहौल बन रहा है आयोजन समिति में यज्ञ प्रबंध की जिम्मेदारी संयोजक स्वामी महेंद्रानंद जी महाराज ने संभाली हे महायज्ञ की समय सीमा समिति द्वारा निर्धारित की गई थी प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक महायज्ञ भवन परिक्रमण कार्यक्रम होगा। 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा आयोजन व्यवस्था एवं बैठक हेतु समिति द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

# आपातकाल से निपटने के लिए सिविल डिफेंस की कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




भारत और पाकिस्तान के बीच बन रही युद्ध की स्थिति को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक नागरिक सेवाओं के संबंध में सभाकक्ष में जिले में सुरक्षा व्यवस्था तथा सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि आवश्यक नागरिक सेवाओं से जुड़े विभाग जैसे खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पेयजल सहित अन्य विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। साथ ही आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं, परिवहन आदि को और मजबूत कर लें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस प्लान अंतर्गत संबंधित विभाग व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सबसे महत्वपूर्ण है कि हमारे पास जो संसाधन उपलब्ध है, उनकी मैपिंग हो। आकस्मिक स्थिति में खाद्यान्न उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल आपूर्ति, परिवहन हेतु कार्ययोजना तैयार रहे।

कलेक्टर ने कहा कि यह तैयारियां एहतियातन की जा रही हैं। इसमें किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

एसपी पंकज पाण्डे ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपात स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन हेतु सभी संसाधन शीघ्र उपलब्ध हो तथा कार्यशील हों, यह सुनिश्चित किया जाए। अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों तथा व्यक्तियों के मोबाईल नंबर भी सभी के पास उपलब्ध हों।

बैठक में डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट उमेश तिवारी द्वारा सिविल डिफेंस प्लान में शामिल विभिन्न सेवाओं स्वास्थ्य सेवा, बचाव सेवा, हताहत सेवा, प्रशिक्षण सेवा, संचार सेवा, कल्याण सेवा, परिवहन सेवा सहित अन्य सेवाओं हेतु कार्ययोजना तथा तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, एसडीओपी, बीएमओ तथा अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार, डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेन्ट उमेश तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# ढाई किलो गांजा, टोयोटा कार और बाइक सहित दो आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




देहात थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ गांजा के कारोबार के खिलाफ एक बडी कार्रवाई की गई है। जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे ढाई किलो गांजा, एक टोयोटा कार, एक बाइक सहित कुल 6 लाख रूपए से अधिक का मशरूका बरामद किया गया है। जबकि एक अन्य कारोबारी को सह आरोपी बनाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कानीखेड़ी जोड़ पुलिया पर दो व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दो संदिग्ध व्यक्ति मौके से मोटरसाइकिल और कार छोड़कर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पकडे गए आरोपियों में रामनारायण मैना उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम मूडरी, थाना त्योंदा एवं रामकृष्ण रघुवंशी उम्र 60 वर्ष निवासी जेल रोड बासौदा हैं। आरोपियों से पूछताछ में एक आरोपी रामकृष्ण रघुवंशी ने बताया कि उसके द्वारा रामनारायण मीणा से गांजा लिया जाता है एवं रामनारायण मीणा नामक आरोपी ने यह गांजा किसी अन्य व्यक्ति से लिया था। उसके मेमोरण्डम के आधार पर एक अन्य व्यक्ति को सह-आरोपी बनाया गया है। जिस पर धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण बढ़ाया गया है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही अन्य संसाधनों का भी पता लगाया जा रहा है जहां से इस तरह के अवैध गतिविधियों को चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई डीजीपी कैलाश मकवाना के आदेशानुसार, आईजी अभय सिंह तथा डीआईजी ओपी त्रिपाठी के निर्देशन में एसपी रोहित काशवानी एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत की गई। इस अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई करते हुए धारा 8/20, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दोनों आरोपियों के पास से 2.4 किलोग्राम अवैध गांजा कीमती 30,000, एक टोयोटा ग्रे कार MP08 CA 5949 कीमती पांच लाख रुपए, एक सीटी 100 MP 40 BB 6424 बाइक कीमती 60,000 रुपए, एक ओप्पो A 59 5G मोबाइल कीमती 10,000 रुपए, नकदी 1,300 सहित कुल जब्त संपत्ति 6,01,600 शामिल हैं। इस कार्रवाई में टीआई आशुतोष सिंह, सउनि. प्रहलाद सिंह रघुवंशी, प्रआर अजय गर्ग, सुरेंद्र कटियार,आरक्षक सचिन जाट, रामनिवास मीना, सुरजीत जाट, अमनदीप जाट, यशपाल निगम, प्रमेन्द्र नामदेव, मुकेश ठाकुर, प्रयागराज गुर्जर, अजय साहू, रामनिवास मीना एवं प्रगति नगायच की विशेष भूमिका रही।

इलाके में गांजा, ब्राउन शुगर सहित अन्य मादक पदार्थों का अवैध कारोबार जोरों पर चल रहा है। पिछले लंबे समय से इस ओर कोई प्रभावी या बडी कार्रवाई न होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं, लेकिन इस कार्रवाई से अवैध कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लग सकता है। नागरिकों ने अब पुलिस प्रशासन से नगर में ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार के खिलाफ भी मुहिम चलाकर कार्रवाई की मांग की है।

# सुबह से निकली धूप,दोपहर बाद छाईं काली घटाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में मौसम अब काफी खुशनुमा बना हुआ है और प्रतिदिन सुबह से दोपहर तक धूप निकल रही है और दोपहर बाद बादल छाने के साथ ही तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या बौछारें पड जाती हैं। जिससे मौसम ठंडा हो जाता है। शुक्रवार को भी मौसम के तेवर ऐसे ही रहे और काली घटाओं ने आसमान को ढंक लिया, लेकिन उनसे बारिश नहीं हुई।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से मौसम की मेहरबानी से लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली हुई है। साथ ही किसान भी ऐसे मौसम से संतुष्ट हैं। मौसम के बदलाव के चलते सुबह से धूप और दोपहर बाद बादल छाने के साथ ही तेज आंधी, गरज चमक के साथ कभी अच्छी बारिश, तो कभी बौछारें पड रही हैं। इस कारण पिछले एक सप्ताह से तापमान में काफी गिरावट आ गई है और लोगों को गर्मी का अहसास ही नहीं हो रहा है। दिन में भी ठंडी हवाओं के कारण तेज धूप के बावजूद गर्मी का असर कम ही बना रहता है। मौसम के इस बदलाव से जहां नागरिकों को काफी राहत मिल रही है, वहीं किसान भी काफी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। मूंग उत्पादक किसान पप्पू लोधी, प्रदीप लोधी, प्रहलाद रघुवंशी आदि का कहना है कि एक सप्ताह पूर्व तक इतनी तेज गर्मी पड रही थी कि मूंग एवं सब्जियों की फसलों में प्रतिदिन ही सिंचाई करना पड रही थी। लेकिन अब रह रहकर हो रही बारिश और तापमान में गिरावट से फसलों में बार बार सिंचाई नहीं करना पड रही है। हांलाकि अभी तक जोरदार बारिश नहीं हुई है, लेकिन तापमान में कमी और बादलों के छाए रहने से खेतों की नमी जल्दी नहीं सूख रही है।

उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने शुक्रवार की रात में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। वहीं आगामी 12 और 13 मई को भी इलाके में अच्छी बरसात होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके अलावा वेबसाइटों का पूर्वानुमान है कि आगामी 15 मई तक मौसम की यही स्थिति बनी रहेगी और 16 मई से ही तापमान में उछाल आने की संभावना है। उस दौरान तेज गर्मी पडने के पूर्वानुमान व्यक्त किए गए हैं।

# देहात थाना पुलिस ने वाहन चालकों को किया जागरुक



**गंजबासौदा।** गत दिवस वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन देहात थाना प्रभारी के नेतृत्व में देहात थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान लोगों को जागरूक करने हेतु हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइए दी गई। इस दौरान देहात थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

# आतंकवादी गद्दार देश से बाहर हो या अंदर अब खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना द्वारा की गई निर्णायक और साहसी कार्रवाई की सराहना करते हुए केंद्र सरकार और सेनाओं को हार्दिक बधाई दी है। मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुऐ पाकिस्तान और आतंकी संगठनों के विरुद्ध और अधिक कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। मंच ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुश्मनों को ऐसा जवाब मिले कि वे भविष्य में भारत की ओर आँख उठाकर देखने की भी हिम्मत न कर सकें। मंच की ओर से जारी बयान में कहा गया, "भारत सरकार और हमारी सेना ने जिस धैर्य, रणनीति और पराक्रम के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया है, वह हर भारतीय के हृदय में गर्व की भावना भरता है। भारत का हर मुसलमान और हर देशभक्त नागरिक सेना और सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। हम अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं, लेकिन मातृभूमि की अखंडता और गरिमा पर आंच नहीं आने देंगे। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले का जवाब अब भारत ने दुश्मन की धरती पर दिया है। मंगलवार आधी रात, भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर 24 मिसाइलें दागीं, जिनमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इस सैन्य अभियान का नाम उन वीरांगनाओं की स्मृति में 'ऑपरेशन सिंदूर' रखा गया, जिनके पतियों ने देश के लिए बलिदान दिया। सेना की ओर से सुबह 10:30 बजे आयोजित प्रेसवार्ता में ऑपरेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि वायुसेना ने 25 मिनट के भीतर 9 ठिकानों को ध्वस्त किया। ये सभी ठिकाने आतंकवादियों के ट्रेनिंग सेंटर्स और लॉन्चपैड थे। जिनमें मुजफ्फराबाद, कोटली, सियालकोट और बहावलपुर के प्रमुख अड्डे शामिल हैं। मंच ने न केवल सीमापार आतंक के विरुद्ध कठोर रुख अपनाया है, बल्कि देश के भीतर छिपे गद्दारों को भी सीधी चेतावनी दी है। मंच ने कहा, "जो लोग देश में रहकर देशविरोधी ताकतों का साथ दे रहे हैं, वे सावधान हो जाएं। ये अंतिम चेतावनी है, या तो सुधर जाएं, या फिर नेस्तनाबूद होने के लिए तैयार रहें।

### कार चालक ने लोडिंग ऑटो को पीछे से मारी टक्कर



**गंज बासौदा।** शुक्रवार को बरेठ रोड पर टवेरा कार क्रमांक एम पी 04 बीसी 7548 के चालक ने अपना वाहन लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आगे जा रहे लोडिंग ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो लगभग 20 फिट आगे जाकर रुका। टक्कर में कार का बोनट सहित अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद कार चालक उल्टा ऑटो चालक से कार को ठीक कराने की बात करने लगा, देर तक दोनों में बहस चलती रही। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि सड़क पर गड्ढा था ऑटो आगे जा रहा था जबकि पीछे से कार बहुत तेज गति में रही थी जो चालक से एकदम कंट्रोल नहीं हुई और ऑटो के पिछले हिस्से से जा टकराई।

## बार बार होती है मरम्मत, नहीं हो पा रहा समस्या का स्थाई समाधान

# मर्दाखेडी ब्रिज में फिर हुआ गड्ढा, दिखने लगे सरिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर से उदयपुर तक बने मार्ग पर ग्राम बरेठ, मर्दाखेडी के पास बने रेलवे ओवर ब्रिज पर फिर से गड्ढा बन गया है और अब उसमें से लोहे के सरिए बाहर नजर आने लगे हैं। जिससे आए दिन वाहन चालकों को असुविधा उठानी पड रही है।

यहां उल्लेखनीय है कि ग्राम मर्दाखेडी के पास करोडों की लागत से बनाए गए रेलवे ओवर ब्रिज में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। इस ब्रिज में रेलवे पटरी के ऊपर बनाए गए मुख्य हिस्से में इतना गुणवत्ताहीन कार्य किया गया था कि निर्माण के कुछ समय बाद ही उसमें गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों की शिकायत एवं खबरें प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग ने उसकी मरम्मत भी कराई थी, लेकिन जिम्मेदार इंजीनियर्स की अनदेखी से यह मरम्मत भी खानापूर्ति साबित हुई और कुछ समय बाद फिर से गड्ढा जस का तस हो गया। तब से लेकर अब तक प्रतिवर्ष साल में दो से तीन बार इस गड्ढे की मरम्मत कराई जाती है, लेकिन न तो प्रशासन और न ही इंजीनियर इसकी मॉनिटरिंग करते हैं और न ही निर्माण एजेंसी इसकी गुणवत्तापूर्ण मरम्मत पर ध्यान देती है। परिणाम यह निकलता है कि मरम्मत के कुछ समय बाद ही उस पर लगाया गया सीमेंट कांक्रीट पूरी तरह उखड जाता है और गड्ढा अपनी पूर्व स्थिति में आ जाता है। ऐसा लगता है कि यह गड्ढा सरकारी इंजीनियर्स और निर्माण एजेंसी की कार्य कुशलता और दक्षता की परीक्षा ले रहा हो। हैरानी की बात यह है कि हर बार इंजीनियर और निर्माण एजेंसी ही इस परीक्षा में असफल साबित हो रही हैं। पिछले दिनों हुई मरम्मत के बाद एक बार फिर गड्ढा अपनी पूर्व स्थिति में है और उसमें से सरिए भी बाहर झांक रहे हैं, जो वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। अब देखना यह है कि इस बार इसकी मरम्मत कब तक होती है और कितने समय तक यह मरम्मत टिकी रह सकती है।

# रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था और गंदगी से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवीन निर्माण कार्य और सौंदर्यीकरण तो हो गया है, लेकिन स्टेशन के अंदर व्यवस्थाओं की ओर स्टेशन प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। हालत यह है कि रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर लावारिस मवेशी घूमते रहते हैं और पूरे परिसर सहित प्लेटफार्म पर गंदगी पडी रहती है। जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।

### युवक से मारपीट

गंजबासौदा। बीती रात सिंधी कॉलोनी निवासी मोंटी ने शिकायत दर्ज कराई है कि रात में उसके भाई विजय के साथ आजाद गाली गलौज कर रहा था। जब वह उसे समझाने और रोकने पहुंचा तो आजाद ने उसके साथ भी गाली गलौज कर धारदार हथियार से मारपीट कर दी। जिसके बाद मोंटी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों को दिया जा रहा धार्मिक ज्ञान

**सिरोंज।** आचार्य श्री ज्ञान सागर पाठशाला एवं मुनि श्री निर्णय सागर पाठशाला द्वारा 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन पूजन संयम शिक्षण शिविर में बच्चों को धार्मिक ज्ञान दिया जा रहा है। पंचखनी जैन मंदिर स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित इस शिविर में बाल ब्रह्मचारी बहन नेहा दीदी एवं दिशा दीदी द्वारा बच्चों को धार्मिक ज्ञान की शिक्षा दी जा रही है। जिसमें बडी संख्या में बच्चें पाठ शाला में पहुचें रहे है।

जिसमें उन्हें फास्ट फूड से होने वाली हानिया भी बताई जा रही है। तो वही हमें जिनेंद्र देव की रोज पूजन करना चाहिए और जिनेंद्र भगवान उन्हें कहते हैं जो अपनी इंद्रियों को जीत लेते हैं और जिनके दर्शन करने से हमारे कर्मो का नाश होता है। उन्होने कहा कि हमे रोज हमारे देश के सैनिको और किसानों को धन्यवाद करना चाहिए। क्योंकि सैनिकों की वजह से ही हमारे धर्म चल पा रहे हैं बच्चों को पूजन के बाद रोज स्वल्पाहार आहार कराया जाता है और शिक्षा दी जाती है कि हमें देखकर शोध करके भोजन करना चाहिए और रात्रि में भोजन कभी नहीं करना चाहिए रात्रि में भोजन करने से पेट दर्द होता है जैन दर्शन के अनुसार रात में भोजन नहीं करना चाहिए।

### 3 साल पहले भरे गए वर्ग दो इंग्लिश टीचरों के पद पोर्टल पर दिख रहे खाली

# शिक्षा विभाग की लापरवाही से ट्रांसफर नीति पर संशय व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकार द्वारा घोषित की गई नई ट्रांसफर नीति श्योपुर जिले में शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण मज़ाक बनकर रह गई है। दरअसल सरकार ने कर्मचारियों को नियत तिथि तक अपनी मर्जी से पसंदीदा स्थान के लिए ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान करने का अवसर दिया है। इसके लिए विभाग वार खाली जारी की गई सूची में खाली पड़े स्थानों पर कर्मचारी आवेदन कर सकता है और कर्मचारी ऐसा कर भी रहे हैं। लेकिन स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने सरकार की इस व्यवस्था का मज़ाक बनाकर रख दिया है। विभाग की लापरवाही से पोर्टल पर वह भरे हुए पद वाली जगह भी खाली दिखाई दे रही हैं। इससे शिक्षक भ्रमित हो रहे हैं।

वर्ष 2023 में शिक्षा विभाग ने बड़ी संख्या में कार्यरत शिक्षकों को उनकी शैक्षणिक योग्यता को देखते हुए प्रमोशन दिया था। जिले में 415 स्कूलों में रिक्त पड़े वर्ग 2 के इंग्लिश शिक्षकों के पदों को प्राथमिक शिक्षकों से भरा गया था। अधिकतर इन शिक्षकों को किसी न किसी मिडिल स्कूल में हेड मास्टर बनाकर पहुंचाया गया था तब से यह शिक्षक इस स्कूल में न सिर्फ इंग्लिश विषय पढ़ाने का काम कर रहे हैं बल्कि हेड मास्टर बनाकर स्कूलों की व्यवस्था भी संभाल रहे हैं पर अब 2 साल बाद उनके पदों को स्कूल एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर खाली दर्शाया जा रहा है। इससे शिक्षक पशोपेश में है कि खाली पदों पर वह ट्रांसफर नीति के तहत जगह का चयन करें या नहीं। उधर वो शिक्षक जो दो साल पहले प्रमोशन पाकर उक्त स्कूलों में नियुक्त हुए थे को भी पोर्टल पर अपने पद खाली दिखाई देने से सकते में हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि उनके पदों को खाली क्यों दर्शाया गया है ऐसी स्थिति में अगर कोई नया शिक्षक सरकार की ट्रांसफर नीति के तहत ऑनलाइन आवेदन कर वहां आ जाता है तो फिर उनका क्या होगा?।




### 30 मई तक हो सकेंगे तबादले

मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने स्थानांतरण पॉलिसी- 2025 जारी कर दी है। अब 30 मई तक विभाग अपने कर्मचारियों के ट्रांसफर कर सकेंगा। इसके बाद सामान्य रूप से स्थानांतरण प्रतिबंधित रहेंगे और केवल विशेष परिस्थितियों में ही तबादले किए जा सकेंगे। पालिसी के मुताबिक, राज्य एवं जिला स्तर पर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का तबादला जिला कलेक्टर की संस्तुति और प्रभारी मंत्री की स्वीकृति से किया जाएगा। जबकि प्रथम श्रेणी के अधिकारियों का तबादला मुख्यमंत्री की सहमति के बाद ही होगा। पॉलिसी में यह भी कहा गया है कि स्थानांतरण आदेशों की अनदेखी करने, कार्यमुक्त न होने या अवकाश लेकर गायब होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की गई है। विभागीय सचिव इसकी निगरानी के लिए जिम्मेदार होंगे।

### लंबे समय से जमे कर्मचारी रडार पर

- गंभीर बीमारियों, न्यायालयीन आदेश, अनुशासनात्मक कार्रवाई या लोकायुक्त जांच जैसी परिस्थितियों में अपवादस्वरूप स्थानांतरण संभव।
- पति-पत्नी एक साथ पदस्थापना चाहते हैं तो आवेदन पर विचार होगा, लेकिन पदस्थापन प्रशासकीय आवश्यकता के अनुसार।
- महिला कर्मचारियों, दिव्यांगजन और गंभीर रूप से बीमार परिजनों की देखभाल करने वाले कर्मचारियों को विशेष सहूलियत।
- स्वीकृत पदों से अधिक पदस्थापना पर रोक, और एक ही स्थान पर श्रृंखलाबद्ध स्थानांतरण को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है।
- ई-ऑफिस प्रणाली से जारी आदेश ही मान्य होंगे और 30 मई के बाद जारी आदेश स्वमेव निरस्त माने जाएंगे।
- एक ही स्थान पर तीन साल से जमे कर्मचारी भी तबादला की प्राथमिकता पर रहेंगे।

### ट्रांसफर नीति 2025 या फ़िर 2022 संशय में शिक्षक

शिक्षा विभाग में पदस्थ शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी के उस पत्र से भी भ्रमित हो रहे हैं जिसमें उन्होंने कर्मचारियों से नई ट्रांसफर नीति 2022 के तहत ट्रांसफर किया जाने हेतु आवेदन करने संबंधित सूचना डाली है। शिक्षकों को यह समझ नहीं आ रहा है कि जब सरकार ने नई सिख ट्रांसफर नीति 2025 लागू कर दी है तो फिर शिक्षा विभाग 2022 की पुरानी ट्रांसफर नीति के आधार पर ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन करने को क्यों कह रहा है।

### इनका कहना

स्कूल एजुकेशन पोर्टल 3.0 शासन स्तर पर अपडेट किया जा रहा है। इस संबंध में दो दिन पहले वीसी में भी चर्चा हुई थी। एक-दो दिन में पोर्टल अपडेट होने की उम्मीद है। नई ट्रांसफर नीति 2022 में घोषित नीति के आधार पर ही लागू की गई है।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ श्योपुर**

---

### मानपुर थाना क्षेत्र के ददूनी गांव का मामला, जांच में जुटी पुलिस

# संदिग्ध परिस्थितियों के बीच खाया जहर इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव ददूनी में एक ग्रामीण ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच कोई जहरीला पदार्थ गटक लिया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है,लेकिन मानपुर थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मानपुर टीआई पप्पू सिंह यादव ने बताया कि शकील 45 वर्ष पुत्र शब्बीर मुसलमान निवासी ददूनी ने शुक्रवार को अपने घर पर कोई जहरीला पदार्थ गटक लिया। जिसका पता चलने पर परिवार के लोग उसे सीधे घर से जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद थाने से पुलिस टीम को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। जहां मृतक का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंपा गया और मर्ग दर्ज कर जहरीला पदार्थ खाने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



### सड़क हादसे में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

वीरपुर थाना क्षेत्र में घटित एक सड़क हादसे के दौरान घायल हुए वृद्ध की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ग्राम बडागांव निवासी मुरारी 85 वर्ष पुत्र कुंजा जोशी पिछले दिनों सडक हादसे के दौरान घायल हो गया था, उसे कोई अज्ञात वाहन तब टक्कर मार गया,जब वह पैदल जा रहा था। हादसे में घायल इस वृद्ध को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

---

### हमारे सैनिकों के सम्मान में राष्ट्रीय सुरक्षा मंच निकालेगा तिरंगा यात्रा

# भारतीय सेना की कार्रवाई से श्योपुर में जोश, कल निकलेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भारतीय सेना इन दिनों पाकिस्तान के खिलाफ साहसिक कार्रवाई का जो पराक्रम दिखा रही है, उससे न सिर्फ भारत माता का गौरव ऊंचा हुआ है, बल्कि श्योपुर जिले सहित पूरे देशवासियों का जोश भी बढा है। हमारे जाबांज सैनिकों के सम्मान में श्योपुर जिला मुख्यालय पर सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक मंच जिला श्योपुर की अगुवाई में आयोजित इस तिरंगा यात्रा में लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा नागरिक मंच जिला श्योपुर द्वारा बताया गया है कि भारतीय सैनिको के सम्मान में यह तिरंगा यात्रा 12 मई सोमवार को सायं 4 बजे से जय स्तंभ स्थित श्रीराम धर्मशाला से आरंभ होगी। इसके बाद यह तिरंगा यात्रा मुख्य बाजार, टोडी बाजार, कंडेल बाजार, पुल दरवाजा,बडौदा रोड, पटेल चौक होते हुए जय स्तंभ चौक पर पहुंचेगी। जहां भारत माता की आरती के साथ इस यात्रा का समापन किया जाएगा।



---

# अफवाह निकली 14 मई को हज उड़ान स्थगित की सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई 14 मई को हज उड़ान स्थगित की सूचना महज अफवाह ही निकली। इसको अफ़वाह करार देने का काम खुद मध्य प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी ने किया। श्योपुर जिले से इस बार 35 लोग हज यात्रा पर जा रहे हैं जिनमें से अधिकतर की उड़ान 14 मई को है किसी ने सोशल मीडिया पर सूचना डाल दी थी कि 14 मई को हज उड़ान स्थगित कर दी गई है।

उधर हज कमेटी से इस संबंध में कोई अधिकृत लेटर जारी नहीं हुआ था जिसके चलते हाजियों में अफरा तफ़री का माहौल बन गया लेकिन इस अफरा तफ़री को खत्म करने का काम मध्य प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष के (केबिनेट मंत्री दर्जा) रफत वारसी ने करते हुए सूचना दी कि देश के सभी एयरपोर्ट विधिवत चालू है किसी भी एयरपोर्ट को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और हमारे देश के किसी भी एयरपोर्ट को छूने तक की ताकत दुश्मन देश की नहीं है हज उड़ान शेड्यूल के अनुसार जारी है और जारी रहेगी। श्रीनगर में हाई अलर्ट को देखते हुए एयरपोर्ट आम नागरिकों के लिए बंद किया गया है क्योंकि इस एयरपोर्ट का उपयोग सेना कर रहे हैं।

### प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगा धानमिल सब स्टेशन

श्योपुर। लाइन मेंटेनेंस के चलते 11 मई को धानमिल सब स्टेशन से प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक विधुत की सप्लाई बंद रहेगी। प्रबंधक विधुत वितरण केन्द्र श्योपुर ने बताया कि इसके चलते हजारेश्वर कॉलोनी, विकास नगर, कृष्णा पैलेस के पीछे, पटवारी कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, श्रीनाथपुरम कॉलोनी, रेलवे फाटक, हिन्दु धर्मशाला, गैस एजेंसी रोड, बालापुरा, जयस्तभ, मैन बाजार, चूडी बाजार, घासगली, बोहरा बाजार, टोडी बाजार, ब्रम्हाण पाडा, मोती टिकिया, हम्माल मोहल्ला, पुरानी कचहरी, पुरानी सब्जीमंडी, छीपा मोहल्ला, गिट्टी क्रेशर, स्टेडियम, ढेगदा, जेल के पीछे, कलेक्ट्रेट के पीछे, आंनद नगर, शिवपुरी रोड क्षेत्र में विधुत का प्रदाय बंद रहेगा।

---

### मानपुर में आयोजित शिविर में मौके पर ही मिला योजनाओं का लाभ

# जिस गांव में मिली शिकायत वहां शिविर लगाकर सुनी गई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिस मानपुर गांव में शुक्रवार को भ्रमण के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा को ग्रामीणों से ढेरों शिकायत मिली थी वहां शनिवार को प्रशासन ने शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण किया। कलेक्टर के निर्देश पर आयोजित किए गए इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्या प्रशासन को सुनाई, जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निराकरण किया गया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा गत दिवस मानपुर के भ्रमण के दौरान दिये गये निर्देशो के क्रम में शनिवार को विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन मानपुर में किया गया। शिविर में दो विधवा महिलाओं शबाना एवं धापा बाई को मौके पर ही सामाजिक न्याय विभाग द्वारा कल्याणी पेंशन स्वीकृत की गई, जिससे इन महिलाओं को अब 600 रूपये प्रतिमाह पेंशन प्राप्त होगी। तहसीलदार अर्जुन सिंह भदौरिया ने बताया कि शिविर में 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से आवास से संबंधित आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से पात्रता परीक्षण कराकर आवास योजना में लाभ दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। शिविर में तहसीलदार अर्जुन सिंह भदौरिया, सहायक संचालक महिला बाल विकास रिशु सुमन, श्रम निरीक्षक लक्की शिवहरे सहित अन्य अधिकारी एवं पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे।




### अधिकारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सामान्य प्रशासन विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशों के क्रम में 12 विभागों के शासकीय सेवकों के सभी प्रकार के आगामी आवकाश तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिये हैं। इन विभागों में स्वास्थ्य, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, नगरीय निकाय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पीएचई, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, लोक निर्माण, राजस्व, सामान्य प्रशासन, जल संसाधन एवं परिवहन विभाग शामिल है।

---

### आधा मेला सजा न गठित हुई समिति न ही घोषित हुए कार्यक्रम

# शुभारंभ से पहले ही मौसम ने बिगाड़ी श्री हजारेश्वर महादेव मेला की रौनक



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिस श्री हजारेश्वर महादेव मेला का शहर वासियों को साल भर इंतजार रहता है वह धार्मिक एवं व्यवसायिक मेला इस बार भी नगर पालिका परिषद द्वारा लगाया तो जा रहा है लेकिन बिगड़े मौसम ने मेले की सूरत उद्घाटन से पहले ही बिगाड़ना शुरू कर दी है। अचानक आई आंधी और बारिश ने मेले में आए दुकानदारों को परेशान कर दिया है। हालांकि नगर पालिका परिषद और ठेकेदार मेले को इस बार ऐतिहासिक रूप से लगाने का दावा कर रहे हैं लेकिन मेला आयोजन के लिए समिति गठित नहीं होना भी फ़िलहाल चर्चाओं में है।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत श्री हजारेश्वर महादेव मेला का उद्घाटन इस बार 1 मई से किया जाना था लेकिन किन्हीं कारणों से मेले का उद्घाटन फिलहाल अभी तक नहीं हो सका है। इस बार नगर पालिका परिषद ने मेले के संचालन के लिए ऑनलाइन टेंडर बुलाकर ठेका तो दे दिया है और ठेकेदार ने मेला में दुकान झूले इत्यादि लगाने शुरू भी कर दिए हैं पर मेला समिति गठित नहीं करना चर्चा में आ गया है। ज्ञात हो कि अभी तक मेला का संचालन मेला समिति द्वारा किया जाता रहा है और यह समिति परिषद गठित करती है समिति में अध्यक्ष भी बनाया जाता है फिलहाल अध्यक्ष और समिति सदस्यों पर परिषद द्वारा विचार नहीं किया गया है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि एक-दो दिन में नपा अध्यक्ष पीआईसी की मंजूरी लेकर समिति गठित कर सकती हैं उधर मेला में झूले लगाने और दुकान सजाने का काम अब युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

### फिश टनल रहेगा मेला का आकर्षण

दुबई में स्थित फिश टनल की तरह ही श्री हजारेश्वर मेला में भी फिश टनल लगाया जाएगा। जिसमें 150 किलो का कछुआ सहित विभिन्न समुद्री मछलियां तैरती दिखाई देंगी। इन समुद्री जलचरों को नजदीक से देखने और उनके साथ कांच की दीवार के बाहर अटखेलियां करने का मौका सैलानियों को मिलेगा। ज्ञात हो कि दुबई में समुद्र के नीचे कांच की सुरंग बनाई गई है इस सुरंग में पर्यटक प्रवेश कर समुद्री जीवों को बिल्कुल नजदीक से निहारते हैं श्री हजारेश्वर महादेव मेला में भी यही एहसास सैलानियों को कराने का प्रयास मेला ठेकेदार एवं नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जाने का प्रयास है।

### नरेंद्र तोमर से स्वीकृति का है इंतजार

हालांकि मेला अभी आधा ही सजा है मेला पूरी तरह सजने में अभी कुछ दिन और लगेंगे जिसके चलते शायद 1 मई से होने वाला उद्घाटन टाला गया है। लेकिन नगर पालिका परिषद से जुड़े सूत्रों की मांने तो मेले को सजाने में देरी और उद्घाटन को लेट करने का कारण विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की उद्घाटन के लिए स्वीकृति का इंतजार है। हाल ही में विधानसभा अध्यक्ष अपने बेटे की शादी से निवृत हुए हैं अब नगर पालिका परिषद उन्हें मेला का उद्घाटन के लिए आमंत्रण पत्र भेजेगी और विधानसभा अध्यक्ष की सुविधा अनुसार उद्घाटन की तिथि की जाएगी। यह उद्घाटन भव्य और रंगारंग हो इसके लिए मथुरा वृंदावन की भजन संध्या आयोजित करने वाली मंडली से भी संपर्क किया जा रहा है ताकि धार्मिक और रंगारंग कार्यक्रम के साथ मेला उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष से कराया जा सके।

### इनका कहना

मेला में करीब 60 दुकान आनी है। 30 दुकानें सज कर तैयार हैं एक-दो दिन में बाकी दुकान लगा दी जाएगी। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले मेले में सजाए गए हैं। बड़ों के लिए भी सभी तरह के झूले लगाए हैं। मेला में मारुति सर्कस के हैरत अंगेज कर्तब के साथ मुंबई की ऐतिहासिक फिश टनल भी लगाई जाएगी जो श्योपुर वासियों के लिए नया अनुभव होगा।

**भागचंद शिवहरे**
**मेला ठेकेदार**

---

### समर्थन मूल्य पर इस बार गत वर्ष से अधिक हुई गेहूं खरीदी

# 9504 किसानों ने समर्थन मूल्य को दिया समर्थन, बेचा 1.17 लाख मेट्रिक टन गेहूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गेहूं खरीदी के लिए निर्धारित किए सरकार के समर्थन मूल्य को इस बार श्योपुर जिले के 9 हजार 504 किसानों ने अपना समर्थन दिया है और अपने 1 लाख 17 हजार 548 मेट्रिक टन गेंहू को समर्थन मूल्य पर विक्रय किया है। इस साल जिले में समर्थन मूल्य पर सरकार के द्वारा खरीदा गया गेंहू गत वर्ष के मुकाबले करीब दो गुना है। क्योंकि पिछले साल करीब 60 हजार मेट्रिन टन गेंहू ही खरीदा जा सका था।

दरअसल इस बार जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए 33 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए थे। वहीं जिले के 19 हजार 547 किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना गेंहू बेचने के लिए पंजीयन कराया था। इसमें से 12 हजार 500 किसानों ने स्लाट बुक कराए थे। स्लाट बुक कराने वाले किसानों में से 9 हजार 504 किसानों ने समर्थन मूल्य पर स्थापित खरीद केन्द्रों पर पहुंचकर अपना गेंहू बेचा है। हालांकि गेंहू खरीद केन्द्रों पर कई जगह अव्यवस्थाओं की स्थिति देखी गई, जिससे परेशान होकर किसानों के द्वारा हंगामा करने और जाम लगाने जैसे कदम भी उठाने पडे। यही नहीं किसान संगठनों को भी किसानों के समर्थन में उतरकर खरीद केन्द्रों पर व्याप्त समस्याओ को दूर करने की मांग शासन प्रशासन के समक्ष उठानी पडी।



### गत वर्ष के मुकाबले इस साल खरीदा गया करीब दो गुना गेंहू

समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी का कार्य पूरा हो गया है और इस साल जिले में पिछले साल की तुलना में करीब दो गुना गेंहू खरीदा गया है। जिला आपूर्ति विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल समर्थन मूल्य पर 6 हजार के आसपास ही किसानों के द्वारा 60 हजार मेट्रिन गेंहू बेचा गया था। जबकि इस बार 9 हजार 504 किसानों ने समर्थन मूल्य पर 1 लाख 17 हजार 548 मेट्रिन टन गेंहू बेचा है। बताया गया है कि गेंहू खरीद केन्द्रों पर शासन की ओर से घोषित समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल एवं 175 रुपए बोनस के साथ 2600 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से गेंहू की खरीदारी की गई।

### फैक्ट फाइल

- -इस वर्ष पंजीकृत किसान-19547
- -स्लॉट बुक कराने वाले किसान-12500
- -गेंहू बेचने वाले किसान- 9504
- -खरीदी का अनुमानित लक्ष्य- 1.30 लाख मेट्रिक टन
- -गेहूं की खरीदी-1.17 लाख मेट्रिक टन
- -गत वर्ष पंजीकृत किसान- 18800
- -गेहूं की खरीदी- 60 हजार मेट्रिक टन

### किसानों के खातों में पहुंचा 205 करोड़ का भुगतान

समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने वाले जिले के किसानों को अब तक 205 करोड़ का भुगतान भी उनके खातों में पहुंचा दिया गया है। बताया गया है कि समर्थन मूल्य पर विक्रय किए गए गेंहू का कुल भुगतान 285 करोड रूपए बनता है। इसमें 205 करोड का भुगतान सरकार ने संबंधित किसानों के खातो में पहुंचा दिया है। जबकि 80 करोड रूपए का भुगतान अभी किसानों को होना बाकी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शेष भुगतान भी जल्द ही किसानों को मिल जाएगा,इसके लिए प्रक्रिया चल रही है।

### इनका कहना है...

गत वर्ष के मुकाबले इस वर्ष समर्थन मूल्य पर खरीदी करीब दो गुनी हुई है। इसका कारण किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य व बोनस की राशि अच्छी मिली है। अधिकत्तर किसानों को खरीदे गए गेहूं का भुगतान खातों में पहुंच गया है। जो भुगतान शेष रह गया है, वह भुगतान भी जल्द ही संबंधित किसानों के खातो में पहुंच जाएगा।

**सुनील शर्मा**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी, श्योपुर**

---

# कूंडहवेली गांव में दो परिवारों के बीच चले लाठी डंडे, छह लोग हुए घायल

### देहात थाना क्षेत्र का मामला, दोनों पक्षों पर क्रॉस मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के गांव कूंडहवेली में दो परिवार के लोगों के बीच शनिवार को लाठी डंडे चल गए। यह विवाद रास्ते में मिट्टी डालने की बात को लेकर हुआ। इस विवाद में दोनों पक्षों के छह लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम कूंडहवेली निवासी विष्णु मीणा और ओमप्रकाश मेरोठा के परिवार के लोगों के बीच शनिवार को रास्ते में मिट्टी डालने की बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी इतनी बढ गई कि दोनों परिवार के लोग लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गए। जिसे जहां मौका मिला,उसने वहां लाठी डंडे से वार किया। इस विवाद में एक पक्ष से विष्णु मीणा, महावीर मीणा, बादाम बाई, विजय शंकर घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से ओमप्रकाश मेरोठा और उसका पिता शंकरलाल घायल हो गया। थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि दोनो पक्ष के लोगों को चोट आने के कारण क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। विष्णु मीणा की रिपोर्ट पर शंकरलाल, ओमप्रकाश, विष्णु, सत्यनारायण तथा ओमप्रकाश मेरोठा की रिपोर्ट पर महावीर, विष्णु, विजयशंकर मीणा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप



### पिता के साथ भैंस चराने गई 11 वर्षीय लड़की की डूबने से मौत

**करैरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम टकटकी में शनिवार सुबह 10.30 बजे बिलरऊ नदी के पास अपने पिता दिनेश कुर्मी के साथ बकरियां व भैंस चराने गई थी पिता अपनी लड़की निशा कुर्मी को पेड़ के नीचे नदी के किनारे बैठा कर भैंसें व बकरियों को चराकर लौटाने चला गया। जब लौटकर आया तो लड़की नहीं दिखी आस-पास देखा तो उसके कपड़े नदी के किनारे रखे मिले फि र नदी में देखा तो लाश तैरती दिखी, फि र गांव वालों को सूचना दी। इसके बाद गांव वालों के साथ मिलकर लड़की की लाश को नदी से बाहर निकाला गया। शव को ट्रेक्टर ट्राली में रखकर करैरा पीएम हाउस लाया गया शव पीएम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

### प्रधानमंत्री आवास योजनाः ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप आवेदन शुरू

**शिवपुरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण अंतर्गत बीई बीटैक सिविल इंजीनियरिंगद्ध के नामांकित छात्रों के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप 2025 कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसके तहत निर्धारित पाठ्यक्रम के छात्रों को विशिष्ट भू.जलवायु क्षेत्रों का सर्वेक्षण करके विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित आवासीय प्रकारों का दस्तावेजीकरण करना होगा। जिला पंचायत के मुख?य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने बताया कि छात्रों की ग्रीष?मकालीन इंटर्नशिप की समय.सारिणी जारी की गई है। जिसके तहत आवेदन की प्रक्रिया 10 मई से शुरू हो गई है। प्रशिक्षकों का ऑनलाईन प्रशिक्षण 14 मईए आवेदन की अंतिम तिथि 20 मई तक है। आवेदकों को ऑफर लेटर की सूचना 26 मई तक दी जाएगी। जबकि भोपाल में ओरिएंटेशन की तिथि 2 जून तथा जिला या ब्लॉक मुख्यालय को रिपोर्टिंग 3 जून को तथा इंटर्नशिप की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।इसमें यूआईटी आरजीपीवी संस्थान को सर्वेक्षण प्रक्रिया के रूप में चुना गया है। जिला पंचायत सीईओ ने संस्थान को निर्देश जारी किए हैं और एक संकाय सदस्य को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करने को कहा है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत पिछले दिनों नई गल्ला मण्डी में एक ड्राईवर मृत अवस्था में मिला था जिसकी जांच प्रधान आरक्षक राजकुमार कुशवाह द्वारा की जा रही थी जांच पर से पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है।

### कैंप लगाकर गर्भवती महिलाओं की जांच

**शाढ़ौरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए ईपीएमएसएम कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सभी आवश्यक जांच और दिशा-निर्देश दिए गए। शासन के निर्देशानुसार, माह की प्रत्येक 9 और 25 तारीख को आयोजित किए जाने वाले ईपीएमएसएम कैंप का भी आयोजन किया गया।

---

प्रशासन ने होटल संचालकों के साथ बैठक में की कई मुद्दों पर चर्चा

# बाहरी व्यक्तियों की जानकारी रखने व संदिग्ध की सूचना देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



अभी ऑपरेशन सिंदूर के बाद निर्मित हुई परिस्थितियों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। जिले में कोई ऐसा माहौल न बने या कोई अप्रिय घटना घटित ना हो। इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस की टीम द्वारा अलर्ट मोड पर काम किया जा रहा है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने शनिवार को होटल संचालकों के साथ भी बैठक की और होटल संचालकों को भी हिदायत दी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, एडीएम दिनेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर अनुपम शर्मा भी उपस्थित रहे। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने होटल संचालकों को शासन के निर्देशों की जानकारी दी और निर्देशित किया है कि बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को होटल में न रुकने दिया जाए। रिसेप्शन और एग्जिट प्वाइंट पर कमरे 24 घंटे सतत रूप से संचालित रहे। होटल में रुकने वाले प्रत्येक व्यक्ति से फॉर्म भरवाना अनिवार्य है। यदि कोई पाकिस्तान या बांग्लादेशी नागरिक ठहरते हैं तो तत्काल पुलिस को सूचना देना है। कोई भी बाहरी व्यक्ति आने पर यदि संदिग्ध नजर आता है तो उसकी सूचना देना है। सूचना कंट्रोल रूम के नंबर पर 7049101055 या संबंधित थाने में दे सकते हैं। कैमरा का स्टोरेज में कम से कम 15 दिन की सूचना रखना अनिवार्य रहेगा। कैमरा रिकॉर्डिंग को ऑपरेट करने के लिए प्रशिक्षित व्यक्ति को ही रखा जाए। बैठक में होटल, लॉज और रिसॉर्ट संचालक के साथ ही तहसीलदारए थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### जिले में कंट्रोल रूम किया गठित

जिले में कंट्रोल रूम गठित किया गया है, जिसका नंबर 7049101055 है। किसी भी प्रकार की सूचना देने के लिए इस नंबर पर जानकारी दे सकते हैं।जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि ऐसी स्थिति में सर्वदलों को मिलकर देश की सुरक्षा के लिए काम करना है। सरकार द्वारा जो कदम उठाए गए हैं उसमें सहयोग करना है परंतु किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी न फैलेए यह भी सभी को मिलकर सुनिश्चित करना होगा। जिला प्रशासन द्वारा जो आधिकारिक जानकारी दी जा रही है हमें उसी के अनुसार काम करना है। राष्ट्रीय राजकीय मार्गो से गुजरने वाले सैन्य वाहनों की किसी भी प्रकार की वीडियो या रील शेयर ना करें यदि ऐसा कोई वीडियो प्राप्त होता है तो उसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को देना है। यदि जिले में किसी पाकिस्तानी या बांग्लादेशी नागरिक का संज्ञान आता है जो बिना वीजा या वीजा अवधि समाप्त होने के पश्चात भी यहां रह रहे हैं तो उसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर के साथ ही अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेटए या अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भी दी जा सकती है। इसके अलावा कोई भी ऐसी भ्रामक जानकारी न फैले कि जिससे जिले में व्यवस्थाएं खराब हो। आवश्यक उपभोग की वस्तुएं,सामग्री, किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। मेडिकल व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। भ्रामक खबरों के कारण अव्यवस्था न हो इसमें जनप्रतिनिधि और समाज के प्रबुद्धजन सभी मिलकर लोगों को जागरूक करें।

### आपात स्थिति में सभी को टीम भावना से करना होगा काम

पहलगाम की आतंकवादी नृशंस घटना के बाद भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की जा रही सैन्य कार्यवाही से उत्पन्न स्थितियों के मद्देनजर जिले में भी जिला प्रशासन और पुलिस की टीम सतर्क होकर काम कर रही है। जिले में कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित ना हो। सांप्रदायिक सद्भावना का वातावरण बना रहे इस उद्देश्य से शनिवार को जनप्रतिनिधियों और शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, करैरा विधायक रमेश खटीक, पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, अन्य राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के भी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियां से चर्चा के बाद शांति एवं समन्वय समिति की बैठक भी रखी गई और सदस्यों से चर्चा की गई। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद उत्पन्न परिस्थितियों से शिवपुरी जिले में कोई ऐसी घटना ना हो। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा अपील की जा रही है। ऐसी स्थिति में हम सभी को एकजुट होकर टीम भावना से काम करना होगा। विशेषकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे फेसबुकए व्हाट्सएपए इंस्टाग्राम सहित विभिन्न सोशल साइट पर कोई ऐसे संदेशों का प्रसारण या फॉरवर्ड ना करें। आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें। इसके अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामाजिक उन्माद फैलाने वाले किसी भी मैसेज को शेयर ना किया जाए।

---

कोलारस में एबी रोड बनी मौत का कारण

# गड्ढे की वजह से स्कूटी सवार महिला की गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस



नगरीय क्षेत्र से होकर गुजरने वाली एबी रोड अब जानलेवा साबित हो रही है। शुक्रवार की शाम इसी जर्जर सड़क पर गड्ढे की वजह से स्कूटी सवार महिला की गिरकर मौत हो गई। इस हादसे के बाद कोलारस वासियों में भारी आक्रोश है।

वर्षों से सड़क सुधार की मांग कर रहे नगर वासी अब प्रशासन की अनदेखी से नाराज हैं। जानकारी के अनुसार, 38 वर्षीय अंजलि जैन शुक्रवार की शाम लुकवासा स्थित अपने पति दीपक जैन की परचून की दुकान से बेटे के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रही थी। तभी जगतपुर और कॉलेज रोड के बीच एबी रोड पर गड्ढे की वजह से स्कूटी से उछलकर सिर के बल गिर गई। और उनके सिर में गंभीर चोट आई।

घायल अवस्था में पहले उन्हें कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गयाए जहां से प्राथमिक उपचार के बाद शिवपुरी रेफ र किया गया। लेकिन वहां उपचार के दौरान अंजलि की मौत हो गई। डॉक्टरों के मुताबिक सिर में गंभीर चोट लगने से ब्रेन हैमरेज हुआए जो जानलेवा साबित हुआ। शनिवार को अंजलि जैन का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद से कोलारस क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। आमजन सड़क की हालत को लेकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार.बार शिकायतों के बावजूद एबी रोड की मरम्मत नहीं कराई गईए जिससे अब यह सड़क लोगों की जान लेने लगी है।

### इन फीडरों पर आज बिजली सप्लाई बंद रहेगी

शिवपुरी। मेन्टिनेन्स के कार्य किए जाने हेतु 33-11 केव्ही बालाजीधाम उपकेन्द्र के अंतर्गत संबंधित समस्त क्षेत्रों में 11 मई को प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। 11 के व्ही कत्थामिल फ ीडर के बंद रहने से मेडीकल कॉलेजए तात्याटोपे नगर, नौहरी, बछौरा, ठकुरपुरा कत्थामिल के आसपास इत्यादि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार उक्त 11 केव्ही हाउसिंग बोर्ड फीडर के बंद रहने से मेडिकल कॉलेज, तात्या टोपे नगरए ठकुरपुरा कत्थामिल के आसपास का क्षेत्र प्रभावित रहेंगे तथा इसी प्रकार 11 केव्ही एसएएफ फ ीडर के बंद रहने से बालाजी धाम, कटमयी, वटालियन एवं आसपास के इत्यादि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

---

## श्रीमंत माधवराव सिंधिया पीजी कॉलेज में मनाया गया विश्व प्रवासी पक्षी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी में शनिवार को विश्व प्रवासी पक्षी दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पक्षियों के संरक्षण के लिए पानी भरे सकोरे रखवाए गए। इस मौके पर कॉलेज के बॉटनी विभाग में गमले लगाए गए। इस प्रयास में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ पवन कुमार श्रीवास्तव, प्रोफेसर महेंद्र कुमार, डॉ जेपी श्रीवास्तव, प्रोफेसर जितेंद्र सिंह तोमर, इको क्लब प्रभारी डॉ मंजू वर्मा, डॉ नैंसी मौर्य उपस्थित रहे। प्राचार्य ने इस प्रयास की सराहना करते हुए, विद्यार्थियों को पौधों का ध्यान रखने एवं नियमित रूप से सकोरे भरने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

प्रतिकर जमा न करने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास

## चेक बाउंस मामले में दोषी को 3 माह का सश्रम कारावास व 1. 35 लाख रुपए प्रतिकर से दंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



एक-दूसरे से परिचित होने के कारण उधार लिए ऋण को नहीं चुकाने वाले आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवपुरी के न्यायालय के द्वारा अभियुक्त को धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिण के अंतर्गत दोषी पाते हुए 3 माह का सश्रम कारावास एवं 1 लाख 35 हजार 335 रुपए प्रतिकर के रूप में परिवादी को दिए जाने का आदेश पारित किया। प्रतिकर की राशि अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगताए जाने का आदेश पारित किया गया। इस प्रकरण में परिवादी की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के द्वारा की गई। परिवाद के अनुसार परिवादी सीताराम राठौर निवासी शांति नगर शिवपुरी से परिचित होने के चलते अभियुक्त विनय यादव पुत्र केशव यादव निवासी मस्जिद के पास झींगुराए शिवपुरी एक.दूसरे से भ ली भां ति परिचित थे। प रि वा दी सी ता रा म राठौर से आरोपी विनय यादव ने अपनी पारिवारिक एवं व्य वसा यि क आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 1 लाख रूपये की राशि 8 अक्टूबर 2016 को प्राप्त किए थे और उधार ली गई राशि का एक चेक दिनांक 7 अक्टूबर 2017 का भुगतान हेतु प्रदत्त किया था। जब परिवादी सीताराम राठौर ने प्रदत्त चैक अपनी बैंक शाखा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा शिवपुरी में जमा किया तो बैंक द्वारा अपर्याप्त राशि के का र ण वापिस प्राप्त हुआ। उक्त चैक बाउंस हो जाने के बाद चैक राशि की मांग हेतु 15 दिवस का नोटिस आरोपी विनय यादव को भेजा गया। परिवादी सीताराम राठौर ने न्यायालय के समक्ष धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के तहत परिवाद अपने अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के माध्यम से प्रस्तुत किया। दोनों पक्षों की साक्ष्य प्रस्तुत होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय के द्वारा अभियुक्त विनय यादव को धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम के अंतर्गत दोषी पाते हुए 3 माह का सश्रम कारावास एवं 1 लाख 35 हजार 335 रूपये प्रतिकर के रूप में परिवादी सीताराम राठौर को दिए जाने का आदेश पारित किया। प्रतिकर की राशि अदा ना करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास पृथक से भुगताए जाने का आदेश पारित किया गया। इस प्रकरण में परिवादी की ओर से पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह यादव के साथ सहयोगी अधिवक्ता अशपाक खान, अजय कबीर के द्वारा की गई।

---

सिंधिया से मिले पूर्व नप अध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे, समस्याओं से अवगत करवाया

## ज्योतिरादित्य सिंधिया से की क्षेत्र के विकास पर चर्चा



**कोलारस।** जिले के सिंधियानिष्ठ की टॉप टेन सूची में शुमार कोलारस के पूर्व नप अध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे विगत दिवस दिल्ली में अपने राजनैतिक गुरु केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके निवास पर मुलाकात की। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से मिलकर रविन्द्र शिवहरे ने नगरीय क्षेत्र में विकास को लेकर विभिन्न कार्यों पर चर्चा की। ताकि कोलारस में विगत 15 सालों से जारी विकास निरंतर आगे बढ सके। रविन्द्र शिवहरे ने इस अवसर पर कोलारस नगरीय विकास के आगामी मॉडल को ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष प्रमुखता से रखते हुए कहा कि महाराज साहब आपका स्नेह और आर्शीवाद मुझ पर और सभी कोलारस वासियों पर सदैव यूं ही बना रहे। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने रविन्द्र शिवहरे से आत्मीयता के साथ कोलारस क्षेत्र के अमन.चैन का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि जबसे रविन्द्र शिवहरे कोलारस नगर पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज हुए हैं तब से वह लगातार ज्योतिरादित्य सिंधिया के आर्शीवाद से स्वयं या अपने परिजनों को अध्यक्ष की आसंदी पर काबिज करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रति रविन्द्र शिवहरे की गहन निष्ठा होने के कारण कोलारस में विकास की धारा भी अविरल भय रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता रविन्द्र शिवहरे के नेत्रत्व में पूरे मध्यप्रदेश की नगर पंचायतों में कोलारस नगर पंचायत ने विकास को लेकर एक मिशाल प्रस्तुत की है।

---

पिछोर में व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप का शुभारंभ

## शिशु मंदिरों में सकारात्मक ऊर्जा मिलती : बीआरसीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर



विगत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर पिछोर में व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पिछोर बीआरसी सुरेश गुप्ता उपस्थित हुए एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील लोधी विधायक प्रतिनिधि एवं महेश पंसारी पूर्व बीईओ सहित समिति सदस्य उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलंकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्तित्व विकास सिविर से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। जो बच्चे वर्ष भर में अन्य गतिविधियों से अपरिचित रहते हैं। वह इस समय में पूर्ण विकसित हो जाते हैं जिससे उनका व्यक्तित्व विकास पूर्ण रूप से प्रभावशाली होता जाता है। तथा उन्होंने बताया कि बच्चों में सर्वांगीण विकास के लिए अन्य गतिविधियों का होना भी आवश्यक है। शिक्षा के साथ.साथ संस्कारों का होना भी आज बहुत आवश्यक है तथा उन्होंने बताया कि भैया बहनों का पूर्ण विकास तब होता है। जब उसमें शिक्षा के साथ.साथ संस्कार भी हो वहीं विशिष्ट अतिथि महेश पंसारी ने बच्चों को क्राफ्टिंग के बारे में जानकारी दी अंत में समस्त विधाओं के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई।

---

## अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंस से की खाद्य विभाग की समीक्षा



**अशोकनगर।** अपर मुख्य सचिव नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। वीडियों कान्फ्रेंस में कलेक्टर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। वीडियों कान्फ्रेंस में राशनकार्ड धारी पात्र हितग्राहियों की ई- केवाईसी का कार्य 31 मई 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकाय, जनपद स्तरों पर ई-केवाईसी के लिए कैंप आयोजित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने राशन दुकानों को प्रतिदिन खोले जाने संबंधी भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए खराब मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गेहूं का परिवहन, भंडारण एवं भुगतान किए जाने संबंधी निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने भुगतान से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण समय सीमा में किए जाने और 100 दिवस कोई भी शिकायत लंबित न रहे यह सुनिश्चित किया जाए।

---

शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

# राजपुर व श्री कृष्ण विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**अशोकनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर हायर सेकेण्ड्री स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा कझा 12वीं में कैलाश ने प्रथम श्रेणी, मोहिनी सोनी 82 प्रतिशत,द्वितीय दिव्यांश दुवे 79प्रतिशत,तृतीय स्थान ज्योती कुशवाहा रही इसी तरह कक्षा दस में पहले स्थान प्रीती नायक 88 प्रतिशत,द्वितीय स्थान नेंसी रजक 87 प्रतिशत, तृतीय स्थान सांझी राजपूत 87 प्रतिशत रहा।






**श्री कृष्ण विद्यालय हायर सेकंडरी स्कूल राजपुर**

श्री कृष्ण विद्यालय हायर सेकंडरी स्कूल राजपुर में कझा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल स्टाफ परिवार वालों का नाम रोशन किया। स्कूल संचालक गजेन्द्र सिंह यादव स्टांप ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी तथा कशिश सोनी 82 प्रतिशत रहा। रिजल्ट कशिश सोनी राजपुर के पत्रकार की लड़की है उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं बधाई दी है।

### निःशुल्क संचालित आचार्य श्री विद्यासागर शिक्षा केंद्र का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



**अशोकनगर।** आचार्य श्री विद्यासागर शिक्षा केंद्र का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा कोचिंग के संयोजक अमित बरोदिया एवं नवीन सर सिटी पब्लिक स्कूल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कोचिंग में अध्यनरत 60 से 70 बच्चों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें कक्षा 9वीं में आदित्य जैन ने 92 प्रतिशत के प्रथम स्थान प्राप्त किया । कक्षा दसवीं में अनुभव जैन ने 91 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिका जैन 88 प्रतिशत एवं 11वीं विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आस्तिक जैन 87 प्रतिशत द्वितीय, दिव्यांशी जैन 86 प्रतिशत हेमलता जैन 82 प्रतिशत हिमांशी जैन 83 प्रतिशत एवं 11वीं कॉमर्स में ध्रुव जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था सभी बच्चों को सफलता के लिए बधाई देती है। द्वितीय वर्ष में पुनः शुभारंभ निःशुल्क कोचिंग आचार्य श्री विद्यासागर शिक्षा केंद्र अपने नवीन स्थान किडजी स्कूल महावीर कॉलोनी में चल रही है। संस्था में कक्षा नवी कक्षा दसवीं कक्षा ग्यारहवीं में अपने बच्चों को अध्ययन करने संस्था के संरक्षक नीलम जैन नीलू मामा से आप संपर्क कर सकते हैं।

